सार-समाचार

वार्ड 24 में गन्दे पानी की निकासी की मांग

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ में वार्ड 24 मोहल्ला नरडियान में एकत्रित होने वाले मोहल्ले के गन्दे पानी की निकासी की मांग को लेकर मोहल्ले के लोगों ने गुरूवार को विरोध प्रदर्शन किया। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शिघ्र ही पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो बडा जन आदोलन करने के लिए मजबूर होना पडेगा, जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी नगरपालिका प्रशासन की होगी। मेजर सरताज ने बताया कि इस प्रमुख रास्ते पर क्रोस टूटा पडा है, जिसके कारण गलियो में गन्दा पानी भर जाता है तथा लोगों का आवागमन बन्द हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर बार-बार नगरपालिका प्रशासन को अवगत करवाया जा चूका है, लेकिन स्थिति ज्यों की त्यौं है। नगरपालिका राजगढ के अधिशाषी अधिकारी राकेश अरोडा का कहना है कि शिकायत मिली है, शिघ्र ही समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर धर्मेन्द्र, मेजर सरताज, रफीक, इमरान, नदीम सहित मोहल्ला नरडियान के अनेक लोग उपस्थित थे।

बीमारी भगाओ अभियान चलाया

तारानगर (निसं)। मानसून के मौसम को मध्य नजर रखते हुए तारानगर नगर पालिका द्वारा शहर को बीमारियों से बचाने के लिए एक बार फिर अलर्ट मोड पर आ गई है अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह ने बताया 2 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे शहर में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया गया है यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत आवास एवं शहरी कार्यालय की पहल है जिसका उद्देश्य स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना है अभियान इस बारे में मुख्य छह मूल मंत्र पर कार्य करेगी स्वच्छ हाथ स्वच्छ घर स्वच्छ पड़ोस स्वच्छ शौचालय स्वच्छ नालियां व स्वच्छ निकाय और स्वच्छ सार्वजनिक स्थल मानसून में स्वच्छता और स्वास्थ्य की ढाल बनाया जाएगा सिंह ने आगे बताया कि अभियान का फोकस जन जनित और वेक्टर जनित बीमारियों को फैलने से रोकना इसके लिए घर-घर हर गली हर मोहल्ले को टारगेट किया गया अभियान में स्कूल कॉलेज मोहल्ले समितियां वार्ड पार्षद वार्ड स्तर पर भी जन जागरूकता रैली एवं गतिविधियां चलाई जाकर अभियान को सफल बनाया जाएगा।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की कहानी प्रतियोगिता

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा कुटुंब भाव, भारतीय संस्कृति और पहलगाम आतंकी हमले पर आयोजित कहानी प्रतियोगिता में प्रांतीय स्तर पर तीन कहानियां चयनित हुई हैं। प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालयी विद्यार्थी श्रेणी में मलसीसर के लक्ष्य शर्मा की कहानी तृतीय, 30 वर्ष की उम्र तक के गैर विद्यार्थी श्रेणी में सूरजगढ़ की डॉ. नेहा शर्मा की कहानी द्वितीय, अमित कुमार की कहानी तृतीय स्थान पर रही है। जिला संयोजक हिमांशु सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों को जयपुर में आयोजित प्रांत स्तरीय समारोह में सम्मानित व पुरस्कृत किया गया है। गौरतलब है कि जिला स्तरीय समारोह भी जल्द आयोजित होगा, जिसमें जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 4 जुलाई को उपखण्ड नीमकाथाना की ग्राम पंचायत कोटडा, कुरबडा, तहसील पाटन की श्यामपुरा, बिहार, दांतारामगढ़ की खोरा, मुण्डियावास, तहसील पलसाना की श्यामपुरा, सांगरवा, लक्ष्मणगढ़ की रहनावा, दिसनाऊ, बलारां, सीकर की श्यामगढ़, राजपुरा, श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत जोरावरनगर, कोटडी सिमारला, पंचायत समिति अजीतगढ़ में हथौरा, टटेरा, खण्डेला की केरपुरा, ढाणीगुमानसिंह, जैतुसर, मालाकाली, रामगढ़ शेखावाटी की तिहावली, ठिमोली, सहनुसर, नेछवा की ग्राम पंचायत भिलुण्डा, ढहर का बास में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

तुलसीदास जयंती को लेकर बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। नगर युवा संघ झुंझुनूं द्वारा प्रजापति गेस्ट हाउस जेके मोदी स्कूल के पास में हर साल की तरह इस बार भी गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती पर ऐतिहासिक संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ 31 जुलाई को छावनी नरेश बालाजी मंदिर में किया जाना बैठक में प्रस्तावित हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं के टोली बनाकर प्रचार प्रसार के लिए नियुक्त किया तथा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर एवं हर मंदिर में जनसंपर्क किया जाएगा। इस मौके पर पं. रामानंद पाठक, पार्षद अशोक प्रजापति, सुशील प्रजापति, रोहन सैनी, डॉ. अशोक कुमावत, अशोक सैनी, पार्षद संजय पारीक, पार्षद विनोद जांगिड, मनोज कुंडलवाल, गौरव सोनी, पिंटू कुमावत, मुकेश शर्मा, रतनलाल शर्मा, राकेश कुमावत, सोनू कुमावत, लक्ष्मीकांत डूलगच, अनिल चांवरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केंद्रीय परिवहन व जलमार्ग मंत्री ने सालासर बालाजी के दर्शन किये

चूरू (निसं)। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल गुरुवार को सालासर आए और बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और देश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान तुहीन हजारिका, समर डेका, जयंत किशोर माधव, ऋतुराज बोराह भी उनके साथ थे। मंदिर में बिहारीलाल पुजारी, पवन पुजारी, सौरभ पुजारी, विकास पुजारी, गौरीशंकर पुजारी, बबलू पुजारी, राजकुमार पुजारी, धर्मचंद पुजारी सहित पुजारी परिवार के अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना करवाई तथा बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर केंद्रीय मंत्री सोनोवाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, प्रहलाद राय, पुष्पेंद्र झाझडिया, पंकज सहित अनेक लोग मौजूद थे।

भाजपा नेता लखोटिया का स्वागत किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष व शेखावाटी नागरिक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मनगढ निवासी श्री कुमार लखोटिया बुधवार को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के सुमेरपुर (पाली) स्थित निज निवास पर पहुंच कर दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा जन्म दिवस की बधाई देते हुए स्वस्थ जीवन की मंगल कामना कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर कमव पुंगलिया नवनीत सिंह राजपुरोहित, केवल चंद जैन,भाजपा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेवा कार्यों के तहत पौधे लगाए

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से गुरुवार को शहर के मोहल्ला पीरजादान में स्थित दरगाह तारकीन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने सेवा कार्यों के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक पेड मां के नाम लगाया। साथ ही शहर के विभिन्न मदरसों में पढने वाले बच्चों को फल वितरण किए और दरगाह परिसर में मोर्चा के ओर मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती की लंबी उम्र के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष डॉ. शौकत अली, हाजी मोहम्मद अय्यूब, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, जावेद लुहारू, शाहिद फारूकी, मंसूर अली खान, इकरार नकवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जलशक्ति अभियान के संबंध में बैठक आज

सीकर (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि 4 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में डी. साईबाबा, संयुक्त शासन सचिव, ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली एवं इरफान अली, सहायक भूजल वैज्ञानिक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जलशक्ति अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

तीन होनहारों का एनएमएमएस में चयन

सीकर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांवलोदा पुरोहितान के तीन मेधावी छात्रों ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। प्रिंसिपल शिवपाल सिंह ने बताया कि चन्द्रशेखर ढाका प्रियांशु ढाका और प्रीतम शर्मा ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की है।

कारगिल विजय दिवस पर शहीद परिवारों का सम्मान किया

सादुलपुर, (निसं)। देश की अस्मिता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को राष्ट्र सदैव नमन करता है।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 8 बटालियन की ओर से कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों के परिजनों का सम्मान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चूरू जिले के गांव नोरंगपुरा के वीर शहीद शीशराम निमड के परिजनों को सम्मानित किया गया। गुरुवार को 8 बटालियन के नायब सूबेदार राजपाल, नायक नवीन कुमार, नायक रवि कुमार एवं लेफ्टिनेंट जोगेन्द्र ने मण्ड्रेला गैस एजेंसी संचालक

■ वीर शहीदों को नमन किया

कारगिल विजय दिवस पर शहीद परिवारों को सम्मानित किया।

वीरांगना विमला देवी, पुत्र विक्रम एवं अमित निमड को बटालियन की ओर से उनके निवास पर प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित सैन्य अधिकारियों ने कहा कि कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक तिथि नहीं, बल्कि यह शौर्य, बलिदान और मातृभूमि के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। शहीद शीशराम निमड के पुत्र भामाशाह विक्रम व अमित निमड ने कहा कि यह सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है। शहीद ने जो बलिदान दिया, वह हमारा गौरव है और आज भी हम उनके बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं। 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की चोटियों पर लडा गया यह युद्ध भारतीय सैनिकों के अद्भुत साहस और शौर्य का उदाहरण बन गया।

इस युद्ध में सैकडों सैनिकों ने वीरगति प्राप्त की थी। 8 बटालियन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत करगिल युद्ध में शहीद हुए सभी सैनिकों के घर-घर जाकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है। सेना का यह कदम शहीद परिवारों को सम्मान देने का प्रतीक है। यह संदेश भी है कि देश अपने वीर बलिदानियों को कभी नहीं भूलता। शहीदों का परिवार अकेला नहीं है, पूरी भारतीय सेना उनके साथ है।

अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविरों में उत्साह

सीकर (निसं)। सीकर जिले के दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्रामीण जन लाभान्वित हो रहे हैं। गुरूवार को दांतारामगढ़ उपखंड क्षेत्र के चार ग्राम पंचायतों रैवासा, सुजावास, बाय व बाज्यावास में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोनिका सामोर, तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत सहित शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी इस्लाम मनियार, पूर्ण मल सहायक विकास अधिकारी, हरफूल कांटवा अतिरिक्त विकास अधिकारी, रामनिवास झांझडिया एईएन सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत ने बताया कि ग्राम में रास्ता खुलवाने के प्रकरण, शुद्धि करण, एनएफ एसए के आवेदन का निस्तारण, पशुओं के टीकाकरण किया गया।

नवजात शिशुओं को 60 हाईजेनिक बेबी किट वितरित

भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनूं जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 60 हाइजेनिक बेबी किट वितरित किये गये।

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनूं जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 60 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरण किए गए। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड, देवेंद्रकुमार गौड, प्रदीप कुमार शुक्ला, सुभाषचंद्र जोशी, ओमप्रकाश ककरानिया, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, अकराज कुरैशी, प्रियंका सेखसरिया, सुशीला भूरिया, ललिता एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ व वीर वीराए मौजूद रहे।

धोखाधड़ी पूर्वक ट्रैक्टर ले जाकर अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का आरोप, मामला दर्ज

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने श्री बालाजी ट्रेडिग कम्पनी के प्रोपराईटर की रिपोर्ट पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी पूर्वक ट्रेक्टर ले जाने के आरोप का मामला दर्ज किया है। भुपसिंह पुत्र श्री रामसिंह ब्राह्मण (35) निवासी पहाडी पुलिस थाना लुहारू जिला भिवानी हरियाणा हाल जय श्री बालाजी ट्रेडिग कम्पनी तारानगर रोड पेट्रोल पम्प के सामने कस्बा राजगढ ने दर्ज मामले में बताया है कि वह जय श्री बालाजी ट्रेडिग का प्रोपराइटर है। उसके ऑफिस में 3 जून 2025 को राम सिंह पुत्र मातुराम जाट निवासी वार्ड नं 04 सिधमुख तह- सिधमुख जिला- चूरु का जो उनकी एजेन्सी में आया व स्वराज 855 ट्रेक्टर को पसन्द किया व 50,000 रुपये जमा करवा दिये और कहा कि मैं कल आकर ट्रेक्टर ले जाऊगा व मेरे दस्तावेज आपको दे दूंगा। अगले दिन 4 जून 2०25 को आया व पूर्व में पसन्द किया हुआ और कहा कि मेरा शुभ मुहर्त है इसलिए ट्रेक्टर के दस्तावेज अपने नाम कराने की प्रक्रिया में उन्होंने रामसिंह के नाम विश्वास मे आकर ट्रैक्टर के सम्पूर्ण दस्तावेज रामसिंह के नाम बना दिये जब रामसिंह से शेष रुपये मांगे तो 70,000 रुपये जमा करवा दिये, बाकी रुपये माँगे तो रामसिंह ने कहा कि शेष रुपये की फाइनेन्स करवाकर दो, तो हमारे द्वारा फाइनेन्स कम्पनी के एजेन्ट को बुलाकर फाइल तैयार करवा दी। बताया कि उक्त प्रक्रिया में 5 से 7 दिन में फाइनेन्स की प्रक्रिया पूर्ण होकर राशि हमारे ऐजेन्सी के खाते मे आती है अगले दिन ही फाइनेन्स के ऐजेन्ट उक्त ट्रेक्टर के चैचीस नम्बर व इंजन नम्बर लेने के लिए रामसिंह के घर गया तो ट्रेक्टर घर पर नहीं मिला तो उन्हे पूछताछ करने पर पता चला कि किरसन रजपुरीया का दलाल है जो ट्रेक्टरों को ऐसे ही बिकवाता है इस ट्रैक्टर को भी उसने ही बिकवाया था, रामसिंह का फोन बन्द आ रहा था, वहा पर आस-पास के पड़ौसियों से पता किया तो उन्हें पता चला कि उक्त ट्रेक्टर रामसिंह ने किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय कर दिया, फिर उन्हें रामसिंह से मिले तो रामसिंह ने कहा कि 2-4 दिन में पूरे पैसे दे दुंगा या फाइनेन्स करवा दूंगा। रामसिह द्वारा जब भी पैसे की मांग की जाती तो रामसिह आज-काल करता रहता। आरोप है कि 1 जुलाई 2025 को रामसिंह को कहा तो रामसिंह ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि मेरे पास कोई पैसा नहीं है, मेरे को आपकी एजेन्सी से वाहन लेकर आगे बेचने का काम है और आपकी एजेन्सी के साथ धोखाधड़ी करनी थी, आपके दिल में जो आये वो कर सकते हो, आप मेरा कुछ नहीं बिगाड सकते हो मेरा तो धंधा ही लोगो के साथ धोखाधडी करने का है। आरोप है कि रामसिंह ने उसके साथ धोखाधडी की व उसके उक्त ट्रेक्टर को ले गया है। राजगढ थाना पुलिस ने धोखाधडी के आरोप का मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

शिविरों में मौके पर ही राजस्व परिवादों का हो रहा है निस्तारण

चूरू (निसं)। जिले के बीदासर उपखंड की ग्राम पंचायत ईंयारा, पारेवड़ा एवं चाड़वास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत पारेवड़ा में शिविर प्रभारी तहसीलदार साक्षी पुरी ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से विभाजन के 2, सीमा ज्ञान के 4 व रास्तों के 4 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी के साथ ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 09 चयनित बीपीएल परिवारों का बैंक

■ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत बीदासर ब्लॉक की पारेवड़ा, चाड़वास व ईंयारा में शिविर आयोजित

जिले के बीदासर उपखंड की ग्राम पंचायत ईंयारा, पारेवड़ा एवं चाड़वास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया गया।

खाता सत्यापन, स्वामित्व योजना अन्तर्गत 35 प्रॉपटी कार्ड का वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत ईंयारा में शिविर प्रभारी विकास अधिकारी राजूराम ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से विभाजन के 2, सीमा ज्ञान के 4 व रास्तों के 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्राम पंचायत चाड़वास में शिविर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से विभाजन के 02, सीमा ज्ञान के 04, रास्तों के 10 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इसी के साथ राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग, डिस्कॉम, पीएचईडी, कृषि, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं का भी आमजन को भरपूर लाभ मिला।

सार-समाचार

भामाशाह का जन्मदिवस मनाया

सादुलपुर, (निसं)। स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवी व मोहता ग्रुप के चेयरमैन श्री वर्धन मोहता का जन्मदिवस राजगढ शहर के 200 से अधिक प्रबुद्धजन, शिक्षाविद्, डॉक्टर्स तथा समाजसेवी ने सामूहिक रूप से मोहता हवेली में मनाया गया। इस अवसर पर राजगढ के प्रवासी भामाशाह सेठ मुरारीलाल सरावगी ने केक काटकर वर्धन मोहता को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की। याद रहें मुरारी लाल जी सरावगी शेखावाटी अंचल के प्रमुख भामाशाह तथा राजस्थान सरकार से हाल ही में भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके है। मोहता ग्रुप के सीईओ डॉ पी.एस. राठौड ने इस समारोह में वर्धन मोहता के द्वारा किए जा रहें सामाजिक सरोकारों के विभिन्न प्रकल्पों पर प्रकाश डाला। नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. रामावतार सोनी, डॉ. राम कुमार घोटड, डॉ. विनोद अग्रवाल, डॉ. जय लखटकिया, समाजसेवी मनोहर लाल डोकावेवाला, मंगतूराम मोहता, घनश्याम मित्तल, बाल किशन सरावगी, उपेंद्र पांडिया, डॉ. गजेंद्र सिंह शेखावत, प्रो. अरविंद गौड, मनीष शर्मा, विजयपाल, मनीष डोरवाल, इंद्र सिंह, अदरीश मोहम्मद सहित नगर के गणमान्य नागरिकों और मोहता संस्थानों के सभी अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता कर मोहता को जन्मदिन की मंगल कामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मोहता द्वारा अनेक सेवा प्रकल्पों पर कार्य करने तथा 5000 फलों के पेड घर-घर लगाने का संकल्प लिया गया। कार्यकम का संचालन डॉ. संजू शर्मा ने किया।

पेंशन के लिए आवेदन शिविर 15 जुलाई को

चूरू (निसं)। मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के श्रमिक, पथ विक्रेता एवं लोक कलाकार प्रतिमाह 3 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र से अथवा राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के जिला कार्यालय में 15 जुलाई को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करा सकेंगें। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक भंवरलाल ने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों को संबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर 2024 को यह योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक अंशदान राशि जमा करानी होगी। तीन साल के पीरियड अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है, तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन हेतु आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष, राजस्थान का मूल निवासी, मासिक आय 15 हजार से अधिक न हो, बैंक में अपने नाम से बैंक बचत खाता एवं आधार संख्या हो तथा केन्द्र सरकार के पोर्टल (ई-श्रम) से प्राप्त रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है।

महाविद्यालय में नव प्रवेशोत्सव मनाया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। मोहिनी देवी गोयनका महिला पीजी महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में नवीन शैक्षिणक सत्र का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि नव प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक सीकर के वित्तीय सलाहकार जगदीश सिंह भाटी तथा जिला स्तर की कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती चांदनी कौशिक विशिष्ट अतिथि रहे। प्राचार्या ने अतिथियों का पुष्पमाला व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अर्चना शर्मा ने महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए छात्राओं को उच्च शिक्षा, महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों, महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के संदर्भ में बताया तथा कौशल विकास, रोजगार व प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रतियोगिता परीक्षाओंके संचालन की जानकारी दी।

बाबा मानक नाथ गौशाला का रास्ता वन विभाग ने बंद किया, सैकड़ों गायें संकट में

पाटन, निकटवर्ती ग्राम किशोरपुरा में स्थित बाबा मानक नाथ गौ-शाला, जो कि वर्ष 2014-15 से पंजीकृत रूप से संचालित है, इन दिनों गंभीर संकट का सामना कर रही है। गौ-शाला में वर्तमान में लगभग 345 गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है, लेकिन गौशाला तक आने वाला वर्षों पुराना मुख्य मार्ग, जो खोरी सोहनपुरा से होकर आता है, वन विभाग द्वारा अचानक बंद कर दिया गया है।इस रास्ते के बंद होने से गौ-शाला में चारे की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। गौ-शाला के संचालकों के अनुसार, चारे का ट्रांसपोर्टेशन केवल इसी मार्ग से संभव था और अब गायों के लिए चारा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे उनकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।पूर्व में तहसीलदार पाटन द्वारा इस मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था, लेकिन अगले ही दिन वन विभाग द्वारा दोबारा बंद कर दिया गया। गौ-शाला प्रबंधन ने प्रशासन से कई बार गुहार लगाई, किंतु अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है।गौ-शाला अध्यक्ष, सचिव, संचालक, सहित अंबेडकर सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष बबलू सोहनपुरा आदि ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर गुहार लगाई है कि इस मार्ग को तत्काल खोला जाए, ताकि गौ-शाला में चारे की आपूर्ति पुनः शुरू हो सके और सैकड़ों गोवंश को मृत्यु एवं बीमारी से बचाया जा सके।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बाबा मानक नाथ गौ-शाला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सैकड़ों बेसहारा गायों का एकमात्र आश्रय स्थल भी है। इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार और वन विभाग को मानवीय एवं पशु कल्याण की भावना से त्वरित निर्णय लेना चाहिए।

पीडब्लूडी ठेकेदार झुंझुनूं में ठप करेंगे सरकार के विकास कार्य

झुंझुनूं,। जिले में कल, यानि कि पांच जुलाई से सरकार के सभी विकास कार्य ठप हो जाएंगे। जी, हां पहली बार पीडब्लूडी के ठेकेदारों ने कार्य बंद करने का फैसला कर दिया है। जिसके बाद झुंझुनूं जिले में करीब 100 भवनों का निर्माण कार्य तथा 300 के करीब सड़कों का कार्य पूरी तरह से बंद होगा।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -एफ.14/समान्य/न.पा.रा./भू/2025/ दिनांकः 03/07/2025

आपति सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री दूलीचन्द पुत्र श्री हेत राम व बिमला देवी पत्नी श्री लालचन्द जाति नायक निवासी रावतसर तह. रावतसर जिला हनुमानगढ़, ने आवेदन कर अपने खतौदसूदा आवासीय भूखण्ड IDSMT योजना निवर सिवाई कॉलोनी भू. स. 24 साईज 30 गुणा 64 फुट का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। उक्त भूखण्ड श्री अमरा पुत्र श्री सवाराम के नाम से IDSMT आवासीय योजना निवर सिवाई कॉलोनी भू. स. 24 साईज 30 गुणा 64 फुट का पट्टा नगर पालिका द्वारा दिनांक 14.09.2023 को जारीसुदा है। श्री अमरा जरिये मुख्तयारनामा श्रीमती नीलम सहारण ने उक्त भूखण्ड जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत वैरनामा दिनांक 24.01.2024 को श्री रोहिताश सोनी पुत्र श्री दूलीचन्द को बेचान कर दिया। श्री रोहिताश सोनी ने जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत वैरनामा दिनांक 16.10.2024 श्री दूलीचन्द पुत्र श्री हेत राम व बिमला देवी पत्नी श्री लालचन्द को बेचान कर दिया। अतः अपने खतौदसूदा आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण पार्षा पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः अपने आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदारा मान्य नही होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांकः 03/07/2025

आपति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री नरसीराम जाति बिश्नोई निवासी रंजीतपुरा तहसील बिज्जू खल वार्ड नं. 33 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने खतौदसूदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 3962.50 वर्गफुट में से 198.125 वर्गफुट(उसरी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री धर्मपाल पुत्र श्री ओमप्रकाश जाति बिश्नोई के नाम से 69क के तहत साईज 3962.50 वर्गफुट का जारीसुदा है। श्री धर्मपाल ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत वैरनामा दिनांक 09.04.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड में से 1/2 हिस्सा यानि 198.125 वर्गफुट श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री नरसीराम को बेचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में उमर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगर परिषद सीकर

सन्तोषी माता मंदिर के पास, राणीसती रोड, सीकर Pin 332001, Email:-sikarulb.jaipur@gmail.com

S.No. F.(7-8)/MCS/2025/4745 **लोक सूचना** Date : 23.06.2025

श्री महेन्द्र सिंह बलारा पुत्र श्री गणपतसिंह बलारा, सीएलसी के पास, समर्थपुरा, पिपराली रोड, सीकर के द्वारा आवेदन भू-उपयोग परिवर्तन आवासीय से चिकित्सा (क्लिनिक/डिस्पेंसरी) प्रयोजनार्थ चाहने हेतु प्राप्त हुआ है। अतः जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो वह इस सूचना प्रकाशन होने के दिनांक से 15 दिवस में असालतन या वकालतन कार्य